तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 सितंबर 2026

10 गोल्डन आवर में 1.50 लाख तक कैशलेस इलाज का ...



12 सेवा संकल्प अभियान के लिए भाजपा मंडल...



खबर संक्षेप

बैल और गेड़ी दौड़ आज

भाटापारा। इस वर्ष भी 10 सितम्बर को कृषि उपज मण्डी के सामने दोपहर 2 बजे पोला पर्व के उपलक्ष्य में बैल दौड़ गेड़ी दौड़ सुवा नृत्य एवं छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी को उचित पुरस्कार दिया जावेगा आयोजक प्रदीप शर्मा पूर्व पार्षद ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि अश्वनी शर्मा न.पा.अध्यक्ष होंगे।

आज मनाया जायेगा पोला तिहार



सिमगा। अंचल में गुरुवार को पोला का त्यौहार मनाया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को चौक चौराहों एवं बाजार में मिट्टी से बने पोला जांता एवं नंदिया बैल की अच्छी बिक्री हुई। परंपरा के अनुसार इस दिन नंदिया बैल की पूजा की जाती है, वहीं शाम को महिलाएं चौक में पोला पटकती है।

15 वाहनों से 27 हजार शमन शुल्क की वसूली

बलौदाबाजार। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देशानुसार जिले में संचालित स्कूल वाहन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 1 वाहन क्रमांक सीजी 04 ई 2416 में किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने के कारण जप्त किया गया है। साथ ही जिले में अन्य वाहनों (ई-रिक्शा, आटो, वेन) पर मोटर यान अधिनियम के विरुद्ध संचालित वाहनों पर कार्यवाही की गई है। कुल 15 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 27000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्कूल प्रबंधक को स्कूल वाहन संचालन में सुरक्षा के मापदण्ड अनुरूप वाहनों के आवश्यक दस्तावेज परमिट, फिटनेस, लायसेंस, बीमा, टैक्स, फायर सिस्टम, वीएलटी डिवाईस, फस्ट एड बाक्स, स्पीड गवर्नर, वाहन में सुरक्षात्मक जाली, रेडियम टेप आदि आवश्यक उपकरण एवं दस्तावेज पूर्ण होने पर ही स्कूल वाहन संचालन करने की समझाइश दी गई है।





अंचल में पोला तिहार आज



पलारी। अंचल में आज पोला का तिहार मनाया जायेगा। बाजारों में मिट्टी के नंदी बैल,जांता और पोला की बिक्री बढ़ी है। रविवार 13 सितंबर महिलाए करू भात खाएंगी और सोमवार 14 सितंबर को तीज उपवास रखेंगी। इसी दिन से गणेश चतुर्थी ▶▶|शेष पेज 10 पर

कसडोल में 520 खिलाड़ियों के महासंगम से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

8 से 11 सितंबर तक चलने वाले चार दिवसीय प्रतियोगिता में अलग-अलग संभागों से पहुंचे खिलाड़ी





कसडोल नगर स्थित स्टेडियम में मंगलवार 8 सितम्बर से खेल प्रतिभाओं का बड़ा मंच सज गया है। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 का भव्य शुभारंभ इंडोर स्टेडियम हॉल में किया गया। 8 से 11 सितंबर तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग संभागों से आए 520 से अधिक युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर और सरगुजा संभाग के खिलाड़ी शामिल हुए हैं। खेल मैदान में खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ▶▶|शेष पेज 10 पर

विधायक संदीप साहू रहे मुख्य अतिथि

उद्घाटन समारोह में कसडोल विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही जनपद अध्यक्ष कुसुमलता पैकरा, उपाध्याय देवानंद नायक, सभापति मोरध्वज पैकरा सहित अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में अब खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर सबकी नजरें टिकी हैं। मैदान में युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, मेहनत और जज्बे के दम पर राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकेंगे।

अवसर : मेले में शामिल होने बढ़ी संख्या में जिलेभर के पहुंचे युवा

रोजगार मेले में 258 युवाओं का प्राथमिक चयन और 104 का फ़ाइनल सलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा दाऊ कल्याण महाविद्यालय परिसर बलौदाबाजार में बुधवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेले मे 536 आवेदकों मे से 258 युवाओं का प्राथमिक चयन एवं 104 का फ़ाइनल सलेक्शन हुआ।

रोजगार मेला में नियोजक अमित एजेंसी बलौदाबाजार द्वारा- कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स एग्जीक्यूटिव के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 128 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 48 आवेदकों का प्राथमिक चयन करते हुए 7 आवदकों का मेला स्थल पर ही अंतिम चयन किया गया। कनिका आटोमाबाईल प्रा.लि. बलौदाबाजार द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव एवं तकनीशियन के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 43 आवेदक उपस्थित हुए, 13 आवेदकों का



प्राथमिक चयन करते हुए 5 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। भारतीय जीवन बीमा बलौदाबाजार द्वारा बीमा सखी के पदों हेतु साक्षात्कार लिया गया जिसमें 88 आवेदक उपस्थित हुए इसमे से 44 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है। अरोहन फायनेस प्रा. लि. रायपुर द्वारा कस्टमर सर्विसेस के पदों पर साक्षात्कार लिया जिसमें 81 आवेदक उपस्थित हुए, 61 आवेदकों का प्राथमिक चयन करते हुए 45 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्रा.लि. रायपुर द्वारा असिस्टेंट के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 22 आवेदक उपस्थित हुए जिसमें से 10 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। शांता टेक्नो प्रा.लि.रायपुर द्वारा मैकेनिकल इंजीनियर, मशीन ऑपरेटर एवं फिटर के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 31 आवेदक उपस्थित हुए, 21 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर 05 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। अलर्ट सिक्योरिटी रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड, असिस्टेंट सुपरवाईजर, सुपरवाईजर, मार्केटिंग, कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर साक्षात्कार लिया गया जिसमें 117 आवेदक उपस्थित हुए 52 आवेदकों का प्राथमिक चयन करते हुए 27 आवेदकों का अंतिम चयन किया गया। उपस्थित समस्त नियोजकों द्वारा प्राथमिक चयनित एवं अंतिम चयनित आवेदकों को एक सप्ताह के अंदर अपने अपने संस्थान में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है जिससे भर्ती संबंधित प्रक्रिया पूर्ण हो सके।

देवपुर जंगल में भालू का आतंक हमले में दो ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल।





जिले के कसडोल अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवपुर में बुधवार को तड़के भालू के हमले से दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 5 बजे बीट क्रमांक 298 के जंगल क्षेत्र में हुई। अचानक हुए हमले के बाद इलाके के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, कोसमसरा, बया निवासी डमरू लाल यादव और कोसमसरा निवासी कमलेश बरिहा सुबह किसी कार्यवश जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान जंगल में मौजूद भालू ने दोनों पर अचानक हमला कर दिया। भालू के हमले में दोनों ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और वन विभाग की मदद से घायलों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए पिथौरा रेफर किया गया, जहां दोनों का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। वन विभाग द्वारा घायलों के उपचार एवं नियमानुसार सहायता की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

वहीं, भालू के हमले की घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भय का माहौल है। वन विभाग ने ग्रामीणों को विशेषकर सुबह के समय जंगल की ओर अकेले नहीं जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है। वन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र में निगरानी भी की जा रही है।

खैर लकड़ी का अवैध परिवहन करने वाले मनीष के घर मिले 81 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



खैर लकड़ी के अवैध परिवहन और फर्जी एनओसी मामले में महासमुंद पुलिस ने आरोपी मनीष अग्रवाल के मुड़पार सरसीवां स्थित मकान में पुलिस की रेड में मकान की तलाशी के दौरान 81 लाख नकद बरामद किया गया। जब्तशुदा नगद रकम पर बी.एन.एस.एस. की धारा 107 अपराध से अर्जित संपत्ति की कुर्की के तहत कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है। प्रकरण में बी.एन.एस. और भारतीय वन अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। जिला पुलिस महासमुन्द द्वारा अवैध गतिविधियों, वनोपज के अवैध परिवहन एवं धोखाधड़ी करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के आवेदन पर खैर लकड़ी 23,350 किग्रा के अवैध परिवहन हेतु प्रयुक्त एनटीपीएस एनओसी में कूटरचना कर असल रूप में उपयोग करने और धोखाधड़ी के मामले में थाना पिथौरा में पंजीबद्ध किया गया है। यह प्रकरण धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 3(5), 111 बी.एन.एस. व 25 आर्म्स एक्ट एवं भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 42(1) सहपठित धारा 41(2) (ख) (घ), धारा 52(1) के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण की विवेचना के दौरान ज्ञात तथ्यों के आधार पर आरोपी मनीष अग्रवाल के ग्राम मुड़पार सरसीवां स्थित मकान की तलाशी हेतु सर्च वारंट माननीय न्यायालय से प्राप्त किया गया था। महासमुंद पुलिस द्वारा दिनांक 07.09.2026 को आरोपी मनीष अग्रवाल के घर ग्राम मुड़पार, थाना सरसींवा, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की तलाशी ली गई। मकान के केयरटेकर की उपस्थिति और गवाहों के समक्ष ली गई इस तलाशी के दौरान थैले में 500 रुपये के नोटों की 162 गड्डियां बरामद हुईं। इस थैले के अंदर 500-500 के कुल 16,200 नोट पाए गए, जिनकी कुल नगदी रकम 81 लाख रुपये है, जिसे पुलिस द्वारा मौके से विधिवत जप्त कर लिया गया है।

मामले में जप्त की गई 81 लाख रुपये नगदी अपराध से अर्जित संपत्ति को महासमुंद पुलिस द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के प्रावधानों के अंतर्गत न्यायालय के समक्ष इस अवैध नगदी की विधिवत कुर्की के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि आरोपी के विरुद्ध समुचित वैधानिक कार्यवाही कर उसको अपराध से अर्जित आर्थिक लाभों से पूर्णतः वंचित किया जा सके।

शांति समिति की बैठक में त्योहार शांतिपूर्ण एवं से मनाने पर बनी सहमति

गणेश पंडालों में सीसीटीवी अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



गणेशोत्सव एवं आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को थाना सिटी कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आईएएस एवं प्रशिक्षु एसडीएम अरविन्द टी. के नेतृत्व में हुई बैठक में गणेशोत्सव समितियों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने गणेशोत्सव समितियों से अपील की कि प्रतिमा स्थापना और विसर्जन के दौरान अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। विसर्जन को भी सुव्यवस्थित तरीके से कराने पर जोर दिया गया। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में स्पष्ट किया गया कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित समय एवं निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर ही किया जा सकेगा। सुप्रीम कोर्ट एवं शासन की गाइडलाइन के अनुसार ही साउंड सिस्टम की अनुमति रहेगी। डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बैठक में एसडीएम प्रकाश कोरी, डीएसपी ऊषा सोंधिया, तहसीलदार निवेश कुरैटी, नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट सहित विभिन्न गणेशोत्सव समितियों के सदस्य, शांति समिति के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

आज मनाया जाएगा पोला, रंग-बिरंगे बैल और खिलौने की बिक्री बढ़ी



खरोरा। इस बार पोला पर्व 10 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। जगह-जगह मिट्टी से बने रंग-बिरंगे बैल, नंदी और पारंपरिक खिलौनों की दुकानें सज गई हैं। बाजार में मिट्टी के बैल अलग-अलग रंगों और आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध हैं। इसके अलावा चूल्हा, मटका, कढ़ाई, गंजी सहित विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन और खिलौने भी बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। दुकानों पर खरीदारों की आवाजाही बढ़ने लगी है। मिट्टी के खिलौने विक्रेता हरीश कुंभकार ने बताया कि पोला के लिए मिट्टी के बैल और अन्य प्रतिमाएं 40 से 50 रुपए तक की कीमत में बिक रही हैं। वहीं अन्य मिट्टी के खिलौनों की कीमत15 से 20 रुपए तक है। बाजार में बढ़ती भीड़ को देखते हुए दुकानदारों को अच्छी बिक्री की उम्मीद है। पोला पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और कृषि परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। भाद्रपद अमावस्या के दिन मनाए जाने वाले इस पर्व में किसान कृषि कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बैलों और अन्य गोवंशीय पशुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। पर्व के अवसर पर किसान अपने बैलों को नहलाकर आकर्षक ढंग से सजाते हैं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। बोआई से लेकर बियासी तक कृषि कार्यों में बैलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी कारण अन्नदाता के साथी माने जाने वाले बैलों के सम्मान में पोला पर्व का विशेष महत्व है।गांवों में पोला के दिन बैलों को सजाकर उनकी पूजा की जाती है। कई स्थानों पर पारंपरिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होता है। वहीं बच्चे मिट्टी से बने नंदी बैल और बर्तनों के खिलौनों से खेलते हैं। घरों में ठेठरी, खुरमी, गुड़-चीला और गुलगुल भजिया जैसे पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

आदतन अपराधी शिवम वर्मा का जिलाबदर

बलौदाबाजार। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए



असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों और आदतन अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में थाना पलारी क्षेत्र के आदतन अपराधी शिवम वर्मा उर्फ कथरी के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर बलौदाबाजार ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5(ख) के तहत जिला बदर का आदेश जारी किया था। पलारी पुलिस ने 9 सितंबर को उक्त आदेश की विधिवत तामीली कराई। पुलिस के अनुसार शिवम वर्मा उर्फ कथरी वर्ष 2019 से लगातार लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, गुंडागर्दी, लूटपाट और अवैध शराब बिक्री जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके खिलाफ थाना पलारी में मारपीट के 2, लूटपाट का 1 तथा आबकारी एक्ट के 5 प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा उसके खिलाफ 5 बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी है। लगातार कार्रवाई के बावजूद उसके आचरण में सुधार नहीं होने पर उसका नाम गुंडा सूची में शामिल किया गया था। **जिले की सीमा से बाहर रहने की हिदायत** : लगातार आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने 2 सितंबर 2026 को जिला बदर का आदेश पारित किया।

पेज 09 के शेष...

कसडोल में 520 ...

में खासा उत्साह नजर आ रहा है। रग्बी, गतका और फेंसिंग में दिखेगा जोश राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रग्बी, गतका और फेंसिंग जैसी खेल विधाओं को शामिल किया गया है। रग्बी के 19 वर्ष आयु वर्ग में बालक-बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं, जबकि गतका और फेंसिंग में 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 260 बालक और 260 बालिकाओं सहित कुल 520 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों के साथ करीब 100 कोच और टीम मैनेजर भी कसडोल पहुंचे हैं। **कौशल्या देवी साय ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं** : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की पत्नी कौशल्या देवी साय ने कहा कि गुरु घासीदास जी की तपोभूमि और लव-कुश की जन्मभूमि कसडोल में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन गौरव की बात है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे पूरी मेहनत और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लें और अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करें।

अंचल में पोला तिहार ...

प्रारंभ हो जाएगा। पोला पर्व के मद्देनजर दुकानदार ने बताया पोला दस रूपए, मिट्टी नंदी बैल तीस व काष्ट के बैल 80 रुपए और चक्की की कीमत 20 रुपए बिक रहे हैं।

गोल्डन आवर में 1.50 लाख तक कैशलेस इलाज का लाभ दिलाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पुलिस-स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त कार्यशाला

सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल लोगों को हादसे के बाद के महत्वपूर्ण गोल्डन आवर में त्वरित उपचार उपलब्ध कराने और आर्थिक बाधाओं के कारण किसी की जान न जाए, इसके लिए पीएम राहत योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को जिले के पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में 1.50 लाख तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के प्रभावी संचालन और पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय को लेकर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश पर 9 सितंबर को यातायात परिसर बलौदाबाजार में अनुविभाग स्तरीय संयुक्त कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में हुई। कार्यशाला में डीआरएम मनोज मांडले एवं डीएसपी संजय कुमार साहू ने चिकित्सकों, थाना प्रभारियों और विवेचकों को योजना की प्रक्रिया की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के तत्काल बाद iRAD पोर्टल पर दुर्घटना एवं पीड़ित की जानकारी सही तरीके से दर्ज करना आवश्यक है। अस्पताल में भर्ती घायल के इलाज के लिए प्राप्त ऑनलाइन रिक्वेस्ट का थाना स्तर पर विवेचक द्वारा तत्काल सत्यापन कर डिजिटल अप्रूवल देने पर भी विशेष जोर दिया गया।

जीवन रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता

अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के बाद शुरुआती एक घंटा घायल के जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में योजना का उद्देश्य आर्थिक एवं प्रशासनिक अड़चनों को दूर कर घायल को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराना है। पुलिस एवं जिला प्रशासन ने नागरिकों से भी सड़क दुर्घटना के पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील की है।





कक्षावार रिजल्ट में सुधार और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश

एकलव्य विद्यालय की अव्यवस्था पर भड़के कलेक्टर, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान के शाला प्रबंधन समिति की बैठक बुधवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता मे संपन्न हुई।

- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की होगी सख्त निगरानी

कलेक्टर श्री शर्मा ने विद्यालय की विगत वर्ष की परीक्षा परिणाम, स्कूल की शिक्षण व्यवस्था एवं छात्रावास मे व्यवस्थाओं को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए रिजल्ट मे सुधार और व्यवस्थाएं ठीक करने के निर्देश प्राचार्य को दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिये कि स्कूल की सम्पूर्ण प्रबंधन की जिमेदारी प्राचार्य की है।शिक्षको मे आपसी समन्वय से लेकर छात्रों की पढ़ाई व आवासीय सुविधाएं मुहैया कराने मे कोई कोताही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि बेहतर आवासीय सुविधा के साथ शिक्षा प्रदान करने केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकलव्य विद्यालय मे पर्याप्त बजट आवंटित किया जाता है। पर्याप्त शिक्षक की व्यवस्था होने के बावजूद रिजल्ट ख़राब होना और छात्रों को सुविधाएं नहीं मिलना विद्यालय की कुप्रबंधन का परिणाम है। उन्होंने



प्राचार्य को निर्देशित किया कि सभी कक्षाओं मे रिक्त सीटों को तत्काल भरने की कार्यवाही किया जाए। अध्यापन के दौरान कोई शिक्षक मोबाइल लेकर कक्षा मे न जाए, इसकी कड़ी मॉनिटरिंग करें। जिन संविदा शिक्षकों के द्वारा अध्यापन मे रूचि नहीं ली जा रही है उन्हें हटाकर नये शिक्षक की व्यवस्था करें। इसके साथ ही हर माह पेरेंट्स -मीटिंग आयोजित करने,छात्रों को पुस्तक व ड्रेस वितरण के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने स्कूल परिसर मे निर्माणाधीन कार्यो की गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए कहा कि गुणवत्ता मे किसी तरह की समझौता न हो। उन्होंने विद्यालय के निरीक्षण हेतु अपर कलेक्टर,सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं पीडब्लूडी के अधिकारियों की टीम को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित अभिभावकों की समस्याएं भी सुनी और शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया।

बैठक मे अपर कलेक्टर ए. आर. टंडन सहित समिति के सदयस्य,प्राचार्य एवं अभिभावक उपस्थित थे।

होटल-ढाबों में शराब पिलाने वाले 22 लोगों के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



होटल, ढाबा, ठेला और चखना सेंटर की आड़ में लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 8 सितंबर को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आकस्मिक चेकिंग और छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 22 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार सड़क किनारे संचालित होटल, ढाबा, ठेला एवं अन्य स्थानों पर अवैध रूप से शराब पिलाने तथा चखना सेंटर संचालित करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीमों ने जांच की। कार्रवाई के दौरान शराब पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने और सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने वाले आरोपियों को पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में करहीबाजार से भजन केवट और देवा चक्रधारी, लवन से गुलाब साहू, कसडोल क्षेत्र से रविशंकर साहू, सोनू कश्यप, उगेश साहू और गौरीशंकर केवट, पकरिया से गोपी यादव, गिधौरी से बिजेश एवं विजय प्रजापति, जुनवानी से विवेक बारले एवं बबलू घृतलहरे, अमसेना से दुर्गेश जोशी, छड़िया से कंश बघेल, घटोली से भानु प्रताप बारले, अर्जुनी से कन्हैया एवं हुलास साहू, भाटापारा शहर क्षेत्र से झरेखा देवांगन, भूपेन्द्र यदु, रंजीत बंजारे और भरत यादव तथा सुहेला से देवेन्द्र नायक के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने कहा कि जिले में अवैध गतिविधियों, जुआ-सट्टा, अवैध शराब कारोबार तथा सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। होटल, ढाबा एवं अन्य प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से शराब पिलाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

पंचायत खातों में राशि नहीं पहुंचने से सरपंच परेशान, विकास कार्य ठप

सेल। ग्राम पंचायतों के खातों में समय पर राशि जमा नहीं होने से सरपंचों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।





कई पंचायतों के खाते जीरो बैलेंस होने के कारण गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सरपंचों का कहना है कि निर्माण कार्यों का सत्यापन और मूल्यांकन होने के बावजूद भुगतान के लिए राशि उपलब्ध नहीं हो रही है। मजबूरी में कई सरपंच ब्याज पर निजी स्तर से पैसा लेकर मजदूरों, सामग्री आपूर्तिकर्ताओं और अन्य जरूरी खर्चों का भुगतान कर रहे हैं। सरपंचों के अनुसार खरीफ फसल की सुरक्षा के लिए गांवों में रखवार की व्यवस्था की गई है। रखवारों के मासिक भुगतान के लिए भी पंचायतों के पास पर्याप्त राशि नहीं होने से उधार लेकर भुगतान करना पड़ रहा है। स्वतंत्रता दिवस के दौरान टेंट, साज-सज्जा और अन्य व्यवस्थाओं के बिलों का भुगतान भी कई सरपंचों ने निजी स्तर पर राशि जुटाकर किया। ग्राम पंचायत मड़कड़ा के सरपंच लखन लाल यादव ने बताया कि पंचायत का खाता जीरो बैलेंस है। उधार और ब्याज पर पैसा लेकर आवश्यक भुगतान किए गए हैं। कुछ देनदारियां अभी भी बाकी हैं। दुकानदारों और अन्य संबंधित लोगों के लगातार तगादे के कारण परेशानी बढ़ रही है। ग्राम पंचायत साबर की सरपंच दुर्गा वर्मा ने कहा कि राशि के अभाव में पंचायत के विकास कार्य अटक गए हैं। वहीं छांछी के सरपंच होरीलाल ध्रुव ने बताया कि 16वें वित्त की राशि पंचायत खाते में नहीं आने से कर्ज बढ़ता जा रहा है और विकास कार्य प्रभावित हैं। बैजनाथ के सरपंच संतराम कैवर्त्य ने बताया कि निर्माण कार्यों की राशि अटकी हुई है। मजदूरों और निर्माण सामग्री का भुगतान ब्याज पर पैसा लेकर करना पड़ा है। सरवानी की सरपंच प्रतिमा मनोज महिलांगे ने भी पंचायत खाते में 16वें वित्त की राशि शीघ्र जमा कराने की मांग की। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। आगामी गणेश चतुर्थी, नवरात्र और विजयदशमी जैसे पर्वों के दौरान गांवों में विभिन्न सामुदायिक आयोजनों में पंचायत स्तर पर होने वाले खर्च और व्यवस्थाओं को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

मारपीट कर मोबाइल व नगदी लूट के फरार 2 अन्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

चौकी गिरौदपुरी क्षेत्र के ग्राम बरेली में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान युवकों से मारपीट कर मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में पुलिस ने दो और फरार आरोपियों को धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर की शाम प्रार्थी तरुण कुमार पटेल 16 वर्ष, निवासी कौवाताल अपने साथियों के साथ ग्राम बरेली में कार्यक्रम देखने गया था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर ग्राम बरेली के आरोपियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्के, लात और कड़े (चूड़े) से प्रार्थी व उसके साथियों के साथ जमकर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान प्रार्थी का रियलमी मोबाइल (सिम सहित) और जेब में रखे 1,500 रुपये जबरन छीन लिए गए थे।

इस घटना पर पुलिस चौकी गिरौदपुरी (थाना गिधौरी) में धारा 296, 115(2), 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने मामले में पहले ही 4 आरोपियों को हिरासत में ले लिया था, जबकि अन्य फरार आरोपियों



की तलाश जारी थी। इसी कड़ी में पुलिस ने 2 अन्य आरोपी महेंद्र साहू पिता टिकेश्वर साहू 33 वर्ष और घनश्याम साहू पिता रामकृष्ण साहू 23 वर्ष दोनों निवासी ग्राम बरेली को गिरफ्तार कर लिया है, जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई के साथ ही मामले में अब तक कुल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, और पुलिस आगे की विवेचना कर रही है।

ठगी के आरोपी अब्दुल हैदर के खिलाफ 2 नई शिकायतें दर्ज, कुल ठगी का आंकड़ा बढ़ा

बलौदाबाजार। जमीन दिलाने और जमीन के सौदे में मुनाफे का भरोसा देकर लोगों से करोड़ों की कथित ठगी करने के मामले में आरोपी अब्दूल हैदर के खिलाफ अब तक पांच शिकायतें थाना सिटी कोतवाली में प्राप्त हो चुकी हैं। पूर्व में सामने आई शिकायतों के बाद अब दो नई शिकायतें पुलिस को मिली हैं, जिनमें दो अलग-अलग लोगों से कुल 25 लाख लेने और जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने का आरोप लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार, नई शिकायतों में एक शिकायत वार्ड 17 रजानगर निवासी एवं वार्ड पार्षद शेख सलमान की ओर से की गई है। शिकायत के मुताबिक वर्ष 2024 में अब्दूल हैदर ने मौजा परसाभदेर स्थित खसरा नंबर 175 की जमीन का खसरा पंचशाला दिखाकर उसे बेचने का प्रस्ताव दिया था। जमीन खरीदने के लिए सहमत होने पर शिकायतकर्ता ने आरटीजीएस के माध्यम से अब्दूल हैदर के एचडीएफसी बैंक खाते में 10 लाख जमा किए। शिकायत में आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी लगातार रजिस्ट्री के लिए समय मांगता रहा। बाद में पता चला कि जिस जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर रकम ली गई थी, उसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोपी पर जमीन का सौदा दिखाकर राशि हड़पने और फरार होने का आरोप लगाया है। नई दोनों शिकायतों में सामने आई 25 लाख रुपये की राशि को जोड़ने के बाद अब सिटी कोतवाली में कुल पांच शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस अब सभी शिकायतों और लेनदेन से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक लखेश केंवट ने बताया कि अब तक कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें दो नई शिकायतें भी शामिल हैं। शिकायतों में जमीन के नाम पर राशि लेने और रजिस्ट्री नहीं कराने के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस सभी शिकायतों की जांच कर रही है। शिकायतकर्ताओं से लेनदेन से संबंधित बैंक दस्तावेज, जमीन के कागजात एवं अन्य साक्ष्य लिए जा रहे हैं। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

दूसरी शिकायत में 15 लाख लेने का आरोप



दूसरी नई शिकायत लोहिया नगर निवासी सोहेल खान की ओर से प्राप्त हुई है। शिकायत के अनुसार, अब्दूल हैदर ने इसी परसाभदेर स्थित खसरा नंबर 175 की जमीन को बेचने का प्रस्ताव दिया था। इसके बाद सोहेल खान ने आरटीजीएस के माध्यम से आरोपी के खाते में 15 लाख रुपये जमा किए। आरोप है कि रकम लेने के बाद रजिस्ट्री के लिए लगातार टालमटोल की गई और बाद में पता चला कि संबंधित जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने पहले से बिक चुकी जमीन को दिखाकर उससे रकम ली और शुरू से ही राशि हड़पने की मंशा से धोखाधड़ी की।

पहले भी सामने आ चुके हैं कई पीड़ित

इस मामले में पूर्व में कई पीड़ितों के सामने आने की बात सामने आई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में आरोपी पर जमीन के नाम पर अलग-अलग लोगों से बड़ी रकम लेने के आरोप हैं। कपड़ा व्यापारियों, ऑटो पार्ट्स व्यवसायी सहित अन्य लोगों द्वारा भी रकम दिए जाने की जानकारी सामने आई है। पूर्व में सामने आए मामलों में लाखों रुपये की रकम लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराने अथवा रकम वापस नहीं करने के आरोप लगाए गए थे।

शिकायत पर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि को स्कूल में लगा मिला ताला

समय से पहले ही स्कूल बंद, हेडमास्टर गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई के निर्धारित समय से पहले ही ताला लगने का मामला सामने आया है। कसडोल विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला चकरबाय में बुधवार को कथित तौर पर सुबह करीब 11.30 बजे ही बच्चों को छुट्टी देकर स्कूल बंद कर दिया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि विजय साहू को विद्यालय में ताला लगा मिला। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि स्कूल के हेडमास्टर कुमार रात्रे बच्चों को समय से पहले रवाना कर स्वयं भी स्कूल से चले गए।

शिकायत के बाद खुला स्कूल, लेकिन बच्चे जा चुके थे घर : बताया गया कि स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ हैं, जिनमें से एक उस दिन अवकाश पर था। ऐसे में



विद्यालय की जिम्मेदारी हेडमास्टर पर थी। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित शिक्षण समय पूरा होने से पहले ही बच्चों को छुट्टी दे दी गई। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक प्रतिनिधि ने बीईओ अरविंद ध्रुव को फोन कर शिकायत की। इसके बाद स्कूल दोबारा खोला गया, लेकिन तब तक बच्चे घर जा चुके थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब बच्चे ही स्कूल में नहीं थे तो दोबारा स्कूल खोलने का औचित्य क्या था?

वीएसके ऐप की निगरानी भी सवालों के घेरे में

स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और निगरानी के लिए डिजिटल व्यवस्था लागू होने के बावजूद समय से पहले स्कूल बंद होने की शिकायत ने व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने हेडमास्टर पर स्कूल में शराब, गुड़ाखू और तंबाकू का सेवन कर आने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि उपस्थिति रिकॉर्ड, वीएसके ऐप की लोकेशन तथा विद्यालय के वास्तविक संचालन की निष्पक्ष जांच की जाए।

बीईओ बोले—जांच में सही मिला तो कार्रवाई : विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव ने मामले की जानकारी मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच कराई जाएगी। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित शिक्षक के खिलाफ नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं विधायक प्रतिनिधि विजय साहू ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सवाल यह है कि जिन नौनिहालों के भविष्य की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर है, अगर उन्हीं की पढ़ाई के समय स्कूल में ताला लग जाए तो आखिर उनके भविष्य की जिम्मेदारी कौन लेगा?

शिक्षक दिवस पर दतान प में शिक्षकों का सम्मान

पलारी। विकासखण्ड के हाई स्कुल दतान प में शिक्षक दिवस पर विद्यालय परिवार के उपस्थित शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जामवंती नीलकमल साहू सभापति स्वच्छता विभाग जनपद पंचायत पलारी जनपद प्रतिनिधि नीलकमल साहू, घनश्याम साहू, स्वेता साहू, टेमीन फेकर उपस्थित हुए। समस्त शिक्षक को पेन श्री फल मोमेंटो से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा शिक्षक दिवस के महत्व एवं गुरु शिष्य परंपरा पर अपने विचार व्यक्त किए गए । जनपद सदस्य जामवंती नीलकमल साहू ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव एवं सतत



अग्रसर रहने की बात कही एवं शिक्षक एक भाग्य निर्माता हैं, उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर प्रचार्य उमा वर्मा, मनोज वर्मा, डॉ कोमल वैष्णव, विजय कुमार कुर्रे, देवेंद्र लहरे, रविशंकर साहू, पी के साहू, दुर्गेश धृतलहरे, कमल कोसले, सुदेश, विश्वकर्मा, योगेश वर्मा, रश्मि ठाकुर, योगेश्वरी धुरंधर, महेश्वरी वर्मा, पूजा जायसवाल, गीता श्रेय, गीतिका प्रधान, प्रकाश चंद धेनुसेवक सहित उपस्थित शिक्षकों का सम्मान किया।

खबर संक्षेप

करहीबाजार चौकी के पास बिलासपुर मार्ग बदहाल, राहगीर परेशान



करहीबाजार। करहीबाजार चौकी के पास से बिलासपुर जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे एवं उखड़ी हुई सड़क के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी होती है, वहीं रात के समय गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग की खराब स्थिति के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक मरम्मत की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों एवं वाहन चालकों ने करहीबाजार चौकी से बिलासपुर जाने वाले मार्ग की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके।

निधन

रोहित वर्मा

पलारी। मुड़पार निवासी रोहित वर्मा 52 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार



गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे ग़ैंदूराम वर्मा के पुत्र, कृपाराम एवं हलेश्वर के भाई तथा नीरज व धीरज के पिताजी थे।

अनियमितता पर एक कीटनाशक विक्रय केंद्र सील और 2 दुकानों में बिक्री पर लगाया प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने अलग-अलग विकासखंडों में की कार्रवाई

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को गुणवत्ता युक्त कीटनाशक दवाई उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि केन्द्रों में सघन निरीक्षण की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा अलग अलग विकासखंडों में कृषि सेवा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें गंभीर अनियमितता पर एक केन्द्र को सील बंद एवं 2 केन्द्र में विक्रय प्रतिबंधित किया गया। जानकारी के अनुसार सिमगा में संचालित कोसरे कृषि सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई। विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय केंद्र को सील कर दिया गया है। साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। ग्राम पौसरी में संचालित कोसरे कृषि सेवा केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया गया। विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंद एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है, साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है।

किया औचक निरीक्षण

विकासखण्ड पलारी के कीटनाशक निरीक्षक सुचिन कुमार वर्मा के द्वारा ग्राम छड़ीया, में संचालित चन्द्रस कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में उपलब्ध कीटनाशक का स्कंद एवं मूल्य सूची का प्रदर्शित नहीं की गई थी। इसके अलावा विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक एवं स्त्रोत प्रमाण पत्र का उचित संधारण नहीं पाया गया। इस कारण विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है, साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। विकासखण्ड भाटापारा के कीटनाशी निरीक्षक अवधेश उपाध्याय द्वारा भाटापारा में संचालित छत्तीसगढ़ कृषि केंद्र का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए ।



शामिल रह

निरीक्षण टीम मे अनुविभागीय कृषि अधिकारी जयइंद्र कंवर, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एन. के. भारद्वाज, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अनिल दीवान कीटनाशी निरीक्षक ओ.एम. कुजूर शामिल रहे।

11 मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविरों से 16 गांवों के 30 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

अदाणी फाउंडेशन ने शुरू किया मेगा हेल्थ कैंप अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



तिल्दा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन ने मेगा हेल्थ कैंप अभियान की शुरुआत की है। अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायपुर की सामाजिक स्वास्थ्य पहल के तहत ग्राम रायखेड़ा में आयोजित पहले मेगा मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर में 450 से अधिक ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

शिविर का उद्घाटन अदाणी पॉवर के मुख्य व्यवसाय अधिकारी रामायनम पेड्डाना, ग्राम सरपंच दिनेश वर्मा, उपसरपंच भोजराज धीवर सहित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने किया। इस दौरान अदाणी पॉवर के मानव संसाधन प्रमुख नागेश्वर राव तेनेटी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। शिविर में ऑर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक, स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल फिजिशियन और एमडी मेडिसिन सहित विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और जरूरी दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में महिलाओं, बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच के साथ उन्हें उपचार और स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी भी दी। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया। अदाणी फाउंडेशन की योजना के तहत कुल 11 मेगा मल्टी स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से अदाणी पॉवर प्लांट के आसपास स्थित 16 गांवों के 30 हजार से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के जरिए ग्रामीणों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उनके नजदीक उपलब्ध कराने के साथ समय पर स्वास्थ्य जांच, उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है।

तिल्दा-नेवरा में 20 से अधिक हथियार स्वेच्छा से जमा



तिल्दा नेवरा। रायपुर ग्रामीण पुलिस की लगातार कार्रवाई और जनजागरूकता अभियान का सकारात्मक असर अब दिखाई देने लगा है। तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों की पहल पर ग्रामीणों ने आगे आकर 20 से अधिक हथियार एवं अन्य आपत्तिजनक सामान पुलिस के समक्ष स्वेच्छा से जमा कराया। इनमें चाकू, तलवार, रॉड सहित अन्य सामग्री शामिल है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध की रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के साथ सरपंच और जनप्रतिनिधि भी ग्रामीणों, युवाओं और पालकों को हथियार रखने के नुकसान तथा उनके दुरुपयोग से होने वाली गंभीर घटनाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि मामूली विवाद या कहासुनी के दौरान हथियार का इस्तेमाल गंभीर चोट, जानलेवा हमला अथवा हत्या जैसी घटनाओं का कारण बन सकता है। ऐसे में अनावश्यक रूप से हथियार रखना स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए खतरा है तथा इसके कानूनी परिणाम भी हो सकते हैं।

पुलिस का जोर अपराध होने के बाद कार्रवाई करने के साथ-साथ अपराध की संभावित परिस्थितियों को पहले ही खत्म करने पर है। इसी उद्देश्य से लोगों से घर, वाहन या आसपास रखे अनावश्यक हथियारों के संबंध में सजग रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है। तिल्दा-नेवरा में 20 से अधिक हथियार एवं अन्य आपत्तिजनक सामान स्वेच्छा से जमा कराया जाना पुलिस, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच बढ़ते समन्वय एवं जनसहयोग का सकारात्मक उदाहरण माना जा रहा है।

विधायक साव तहसील महिला साहू संघ के तीज मिलन समारोह में शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

तहसील महिला साहू संघ के तत्वावधान में आयोजित तीज मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इन्द्र साव सम्मिलित हुए। विधायक इन्द्र साव ने तीजा पर्व के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व पर कहा कि तीजा का छत्तीसगढ़िया संस्कृति में एक अत्यंत विशिष्ट और गौरवशाली स्थान है। यह पर्व केवल एक व्रत नहीं, बल्कि भारतीय नारी के अटूट विश्वास, त्याग और समर्पण का जीवंत उदाहरण है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर, निराहार और निर्जला व्रत रखी थी। उनके इसी अनन्य तप से प्रसन्न होकर महादेव ने उन्हें अर्धांगिनी के रूप में स्वीकार किया। इसी पावन परंपरा का निर्वहन करते हुए आज भी हमारी माताएं और बहनें अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह कठिन निर्जला व्रत रखती है उन्होंने तहसील महिला साहू संघ के इस भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी पारंपरिक संस्कृति, संस्कारों और सामाजिक समरसता को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर तहसील महिला साहू संघ अध्यक्ष नीरा साहू, डॉ. वीणा साहू, सती साहू, अनिता साहू, संगीता साहू, चित्ररेखा साहू, लिलेश्वरी साहू, हिरमत साहू, प्रमिला साहू, दीपा साहू, सीता साहू, राजेश्वरी साहू, यामिनी साहू, पदाधिकारी सहित सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित

छात्रों के आंखों की हुई जांच डॉक्टरों ने दिया उचित परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा





उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक नेत्र विशेषज्ञ अशोक कुमार साहू द्वारा विद्यार्थियों की आंखों की गहन जांच की गई तथा आंखों से संबंधित समस्याओं की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं सावधानियों की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने नेत्र स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

आयोजन में विद्यालय के शिक्षकगण प्रकाशचंद गिलहरे, रवि कुमार पांडे, शारेका खान, आराधना बहुगुणा एवं भूमिसुता चौधरी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति विद्यालय द्वारा किए गए। इस सराहनीय प्रयास के लिए संकुल समन्वयक कांत कुमार एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यालय परिवार एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की नियमित स्वास्थ्य जांच उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं अध्ययन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

गणेश उत्सव की तैयारियां तेज, पंडाल को दिया जा रहा आकर्षक रूप



भवानीपुर। घोटिया बस स्टैंड में मित्र मंडली गणेश उत्सव समिति द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापना की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। समिति के सदस्य भव्य पंडाल निर्माण के साथ आकर्षक सजावट में जुटे हुए हैं। पंडाल को आकर्षक स्वरूप देने के लिए समिति द्वारा सजावट, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। गणेश उत्सव को लेकर युवाओं एवं स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

पंडाल निर्माण एवं सजावट कार्य में समिति के सदस्य राज वर्मा, चोवाराम साहू, राहुल यादव, रतन साहू, बिट्टू विश्वकर्मा, विनीत वर्मा, छवि यादव, मोहन वर्मा एवं शेखर वर्मा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।

पोला पर्व पर आज होगा विविध कार्यक्रम

मुंडा। लोक संस्कृति और ग्रामीण परंपराओं से जुड़ा पोला पर्व 10 सितंबर को जुड़ा, पैजनी, कोलिहा, बरदा, जामडीह, कोहरौद, धाराशिव, लच्छनपुर, मल्लीन, कोनारी, मोहतरा, ठेलकी, सरखोर, पंडरिया, कोरदा, कुम्हारी, कैलाशगढ़, सलोनी, कानाकोट, धौराभाठा सहित ग्रामीण अंचल के सभी गांवों में धूमधाम से मनाया जाएगा। पोला पर्व पर अंचल के अधिकांश गांवो में छत्तीसगढ़ संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी तरह मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के बाजार चौक में पोला त्योहार के पावन पर्व पर पोला महोत्सव का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। महोत्सव में पारंपरिक संस्कृति के साथ-साथ ग्रामीण खेलों और महिला शक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। युवतियों और महिलाओं के लिए खो खो मटकी फोड़ कबड्डी खुर्सी दौड़ का आयोजन रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए धोबी समाज के मीडिया प्रभारी कमलेश रजक परमेश्वर साहू गोपाल साहू नीलकंठ साहू प्रवीण पांडे बृजभूषण वर्मा सुमेर वर्मा भागवत वर्मा हरिशंकर वर्मा खगेश वर्मा उमाशंकर वर्मा पीतांबर रजक सहित अन्य युवा उपस्थित रहेंगे।

मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे

मोहरा में कार्टून वाली प्रतिमाएं बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



ग्राम मोहरा के अलावा हिरमी बरडीह भालेसूर मुसवाडीह सहित आसपास के गांव में गणेश उत्सव की तैयारी जारी है। यहां मूर्तिकार खुमान वर्मा द्वारा तैयार की जा रही गणेश प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। खासकर बच्चों में मोटू-पतलू के साथ गणेश प्रतिमा को लेकर काफी उत्साह है। कलाकार इन दिनों प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। गणेश प्रतिमा के 14 सितंबर को विराजमान किए जाने को लेकर लगभग तीन दिन पहले से ही गांव में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। श्रद्धालु और बच्चे प्रतिमा निर्माण स्थल पर पहुंचकर प्रतिमाओं को देखने में रुचि दिखा रहे हैं। बच्चों में मोटू-पतलू के साथ गणेश प्रतिमा की विशेष मांग बनी हुई है। मूर्तिकार खुमान वर्मा ने बताया कि इस बार बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए मोटू-पतलू थीम पर गणेश प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। छोटी प्रतिमाओं के साथ-साथ 5 फीट ऊंची बड़ी गणेश प्रतिमा की भी मांग बनी हुई है। आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमाओं की बुकिंग करा रहे हैं। प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप देने के लिए रंग-रोगन, सजावट और बारीक कलाकारी का कार्य अंतिम चरण में है।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं भूपेश कुमार उम्र 40 वर्ष पिता स्व. श्री नीलश्याम जाति तेली निवासी- ग्राम लांजा, पोस्ट कामता तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं:-

शपथकर्ता-भूपेश कुमार

(1) मैं ग्राम लांजा, पोस्ट कामता, तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं।

(2) यह कि मेरी पुत्री डेजी साहू (DAISY SAHU) पिता भूपेश कुमार साहू का नाम जन्म प्रमाण पत्र व शैक्षणिक अभिलेखो पर डेजी साहू (DAISY SAHU) पिता भूपेश कुमार साहू दर्ज है, जबकी मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्र. 8132 7389 8484 पर त्रुटिवश दिपाली साहू (DIPALI SAHU) पिता भूपेश कुमार साहू दर्ज हो गया है, जो कि गलत है।

(3) मैं अपनी नाबालिग पुत्री का नाम आधार कार्ड पर दिपाली साहू (DIPALI SAHU) (पुराना नाम) से बदलकर उसका नाम डेजी साहू (DAISY SAHU) (नया नाम) करवाना चाहता हूं।

(4) मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा ।

(5) मुझे मेरे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नही है ।

(6) मैं यह शपथ पत्र अपने पुरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं। अतः शपथ पत्र सादर प्रस्तुत है ।

दिनांक 03/09/2026 शपथकर्ता-भूपेश कुमार

// सत्यापन //

यह कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 06 में दी गई जानकारी सत्य व सही है, जिसे आज दिनांक 03/09/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया है।

सत्यापनकर्ता- भूपेश कुमार



खबर संक्षेप

कृषि उपज मंडी के प्रांताध्यक्ष बने चुन्नी लाल

भाटापारा। छग मंडी एवं मण्डी बोर्ड कर्मचारी महासंघ रायपुर छत्तीसगढ के लिए हुए निर्वाचन में भाटापारा कृषि उपज मंडी में पदस्थ सचिव वरिष्ठ चुन्नी लाल ध्रुव प्रातांध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए है। ध्रुव ने अपने प्रदेश मंडी के साथियों के हितों में काम करने का विश्वास दिलाते हुए उन्हें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस प्रदेश स्तरीय चुनाव मे भाटापारा मण्डी के इतिहास में यह पहली बार है ,जो कि प्रदेश स्तर के निर्वाचन में भाटापारा को प्रतिनिधित्व मिला है। चुन्नीलाल ध्रुव के प्रातांध्यक्ष बनने पर भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतनशर्मा, पोहा मुरमुरा निर्माता एसोसिएशन संघ के रंजीत दावानी ने बधाई दी।





ठगी से बचने सरसीवा पुलिस ने लोगों को कर रही जागरूक



गोपालपुर। सरसीवां पुलिस टीम ने ग्रामीणों को बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठग फर्जी कॉल, व्हाट्सएप मैसेज, सोशल मीडिया लिंक, ऑनलाइन लोन, केवाईसी अपडेट, डिजिटल अरेस्ट, निवेश योजना और नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे मामलों में थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़ी आर्थिक क्षति का कारण बन सकती है।
अभियान के दौरान लोगों से स्पष्ट रूप से कहा गया कि ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी, बैंक खाता विवरण, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें तथा लालच या डर दिखाकर की जाने वाली कॉल पर तुरंत विश्वास न करें। पुलिस ने नागरिकों को यह भी जानकारी दी कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है, तो वह बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर आर्थिक नुकसान को रोका जा सके।

निधन :

दाऊलाल नायक

बंगोली। ग्राम बंगोली निवासी दाऊलाल नायक 84 वर्ष का 9 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम गौंटिया तालाब में किया गया। जिसमें स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोग शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए। वे मेहतरिन बाई नायक के पति तथा राजेंद्र प्रसाद नायक, रामनारायण नायक, संतोष कुमार नायक,पदमनी, नंदनी एवं रमा के पिता तथा संजय नायक, दीपक नायक, विक्की नायक, निखिल नायक, अन्नू नायक के दादा थे।



सेवा संकल्प अभियान के लिए भाजपा मंडल कसडोल की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

भाजपा मंडल कसडोल कार्यालय में बुधवार को नियमित मासिक बैठक के साथ सेवा संकल्प अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई। जिला सह-संयोजक एवं कसडोल मंडल प्रभारी डॉ. अजय राव के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में आगामी एक माह तक चलने वाले सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए। मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने बताया कि प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक मंडल क्षेत्र में विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि डॉ. अजय राव ने अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। डॉ. राव ने बताया की इस अभियान के तहत आशीर्वाद का दिया, 2.5 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज तथा जनसेवक महाकुंभ—पंचायत से पार्लियामेंट सहित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई। कार्यशाला में ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने के लिए सुझाव भी रखे।

जनसेवा और जनकल्याण के कार्यक्रमों में जुटेंगे कार्यकर्ता



कार्यकर्ता उपस्थित रह

कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास, जिला प्रतिनिधि दिल्हारण जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री मोरध्वज पैकरा, शीला वर्मा, निर्मला साहू, पार्षद पुनेश्वर मिश्रा, नीरज साहू, भगवती साहू, मंजू बंजारे, राजेश साहू, खम्हन वर्मा, उमेंद वर्मा, शनि यादव, अजय श्रीवास, नीलेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने शॉल और श्रीफल भेंट किया

राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए शिक्षक कन्हैया और विशेषर साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के दो शिक्षक अपने उत्कृष्ट कार्य के लिये राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होकर जिले का नाम रोशन किया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर रायपुर के लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति मे प्राथमिक शाला लमती विकासखंड भाटापारा के कन्हैया साहू एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघारी, विकासखंड बलौदाबाजार शिक्षक विशेषर साहू को सम्मानित किया। दोनों शिक्षकों को कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को शाल -श्रीफल देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई व शुभकामनायें दी।

शासकीय प्राथमिक शाला लमती विकासखंड भाटापारा में सहायक शिक्षक के रूप में कन्हैया साहू 28 फरवरी 2009 से शिक्षा के क्षेत्र में



निरंतर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षण को बाल-केंद्रित एवं रुचिकर बनाने के लिए स्वयं सहायक शिक्षण सामग्री एवं खिलौनों का निर्माण कर उनका प्रभावी उपयोग किया है। 'हिन्दी मात्रा मीटर', 'ट्र-इन-वन अंक शब्द ज्ञान' तथा खेल-खेल में गणित जैसी नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से वे बच्चों में सीखने की रुचि एवं बुनियादी कौशल विकसित कर रहे हैं।

बच्चों के लेखन कौशल के विकास के लिए रेत पर वर्ण लेखन अभ्यास, स्वतंत्र पठन की आदत विकसित करने के लिए स्वयं के व्यय से 'मुस्कान पुस्तकालय' तथा स्मार्ट टीवी, इंटरनेट एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग उनकी नवाचारी कार्यशैली को दर्शाता है। विद्यालय में चारदीवारी निर्माण, वर्ष 2014 से जैविक किचन गार्डन एवं स्वयं निर्मित प्रिंट रिच वातावरण के माध्यम से उन्होंने विद्यालय को अधिक आकर्षक और सीखने योग्य बनाया है।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघारी, विकासखंड बलौदाबाजार मे पदस्थ शिक्षक विशेषर साहू, 30 अगस्त 2002 से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अपनी सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने अपने शिक्षकीय सफर की शुरुआत बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र के एक दूरस्थ एवं एक शिक्षकविहीन विद्यालय से की। दिव्यांगता के बावजूद वे बाल-केंद्रित, खेल-खेल में शिक्षण, कहानी, गीत, अभिनय एवं डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर बच्चों को रुचिकर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

विद्यालय के सुंदर एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके प्रयासों से विद्यालय में पुस्तकालय, किचन गार्डन, आकर्षक गार्डन एवं अन्य शैक्षणिक संसाधन विकसित हुए हैं। वे बच्चों में नैतिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता की भावना विकसित करने के साथ समर कैंप के माध्यम से चित्रकला, बस्तर आर्ट, क्राफ्टिंग एवं संगीत जैसी प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करते हैं।

सेवा संकल्प कार्यशाला में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

कार्यकर्ताओं को दिया सेवा ही संगठन का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं उनके 25 वर्ष के सार्वजनिक-राजनीतिक जीवन के गौरवशाली अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर बुधवार को कौशलपुर मंडल के ग्राम कोलिहा और निपनिया मंडल के ग्राम मोपका में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि भाजपा के लिए सेवा ही सबसे बड़ा संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने 25 वर्षों में राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। एक सामान्य कार्यकर्ता से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक का उनका पूरा जीवन राष्ट्र प्रथम और अंत्योदय के सिद्धांत का जीवंत उदाहरण है।

शिवरतन शर्मा ने कहा की यह सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है, यह हमारे लिए आत्मचिंतन और संकल्प का अवसर है। हमें यह संकल्प लेना है कि मोदी जी ने जो विकसित भारत 2047 का सपना देखा है, उसे पूरा करने के लिए हम बूथ स्तर पर अपनी पूरी शक्ति लगा देंगे। हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि इस एक माह के अभियान में हर बूथ तक, हर घर तक सेवा के प्रकल्पों को लेकर जाएं।

शर्मा ने कहा कि यह अभियान जनता से सीधा संवाद और मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का माध्यम है।

आज विपक्ष मुद्दाविहीन है क्योंकि मोदी जी ने गरीब, युवा, महिला और किसान हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी है और हर लाभार्थी तक पहुंचना है।



यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर कोलिहा में जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला उपाध्यक्ष केजूराम बघेल, हेमसिंह चौहान,नारायण साहू,सतीश सोनी, आनंद बंजारे, संतोष साहू, गोपाल शुक्ला, गोविन्द वर्मा एवं मोपका में महाबल बघेल, मथुरा यदु, संकेत अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चेतन वर्मा सहित दोनों मंडलों के मंडल महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पब्लिक स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी और शिक्षक दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

विश्व भारती इंपीरियल पब्लिक स्कूल रोहिना में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व और शिक्षक दिवस मनाया गया। इसमें सभी छात्र श्री कृष्णजी, राधा रानी, सुदामा की वेशभूषा में विद्यालय पहुंचे। साथ ही बच्चों के लिए विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दही हांडी फोड़, रस्साकस्सी, जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ जैसे अनेक प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया, साथ ही विद्यालय में मटकी फोड़ का शानदार प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहा प्रतियोगिता पश्चात विजयी बच्चों को आकर्षक ईनाम भी दिया गया। शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को सम्मान देकर उन्हें से आशीर्वाद लिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों तथा विद्यालय प्रबंधन का विशेष योगदान रहा जिसमें सभी सम्मानित शिक्षकों खगेश्वरी, रवि साहू, मनीराम टंडन, देवनारायण डहरिया, युगलमति साहू, विनय दास, वर्षा बंजारे, प्रीति सिदार, खुशबू साहू, सुष्मिता बंजारे, रामेश्वर यादव, वीधूलेखा भारती, आया दीपेश्वरी साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

इस महान दिवस 5 सितंबर, शिक्षक दिवस पर डॉ.राधाकृष्णन महोदय के भारत के प्रति योगदान को याद किया गया और बच्चों को बताया गया। विश्व भारती इंपीरियल पब्लिक स्कूल रोहिना की डायरेक्ट सुनीति अशोक साहू



द्वारा बच्चों को शिक्षकों के सम्मान और भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर सभी बच्चों का मार्गदर्शन किया गया । उनके द्वारा ए बताया गया कि भगवान श्री कृष्ण जी के आदर्शों, उपदेशों को अपने जीवन में चरितार्थ कर सफलता प्राप्त किया जा सकता है । पूरा विद्यालय प्रांगण कृष्ण भक्ति में भावविभोर हो गया था नन्हे-नन्हे बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया । कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों द्वारा अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत भाषाओं में स्पीच दिया गया । स्कूल प्राचार्या गंगा डाबर साहू के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफल रहा ।

तीज पूजा पर परसदा में होगी फुग्फू दीदी बहिनी खेल प्रतियोगिता

खरोरा। तीज पूजा पर ग्राम पंचायत परसदा में इस वर्ष भी महिलाओं के लिए 'फुग्फू दीदी बहिनी खेल प्रतियोगिता चैंपियन ट्रॉफी' का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितंबर को ग्राम परसदा स्थित मिडिल स्कूल खेल मैदान परिसर में दोपहर 2 बजे से खेल समाप्ति तक किया जाएगा। इस आयोजन में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं आकर्षक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इनमें पोला पटकना, बिस्किट खाना, धागा खींचना, मोमबत्ती बुझाना, चूड़ी डालना और कुर्सी दौड़ प्रमुख हैं। प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को चैंपियन ट्रॉफी, आकर्षक पुरस्कार एवं साड़ी सहित अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता केवल महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है। महिला खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है। कार्यक्रम में छोटे बच्चों के लिए 'नंदिया बैला दौड़' का भी आयोजन रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने में योगेश साहू, नरोत्तम साहू, हीराराम साहू, कामदेव साहू, अजय सेन, कृष्णा (मांचा), ऋषि साहू एवं समस्त ग्रामवासी परसदा का सहयोग रहेगा। वहीं मंच संचालन की जिम्मेदारी मिथलेश साहू (पूर्व सरपंच), सुबोध सेन एवं चंद्रकांत डहरिया संभालेंगे।

कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र में योगदान के लिए वामन टिकरिया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम मुसवाडीह निवासी एवं क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक वामन टिकरिया को कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शिखर साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सम्मान समारोह में 'गौरव हमारी धरोहर सम्मान' से सम्मानित किया गया। वामन टिकरिया ग्राम मुसवाडीह के मालगुजार रहे अभयराम टिकरिया



के पौत्र तथा स्वर्गीय नीलकंठ टिकरिया शिक्षक के पुत्र हैं। राष्ट्रीय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि जशपुर राज परिवार की संयोगिता युद्धवीर जूदेव, अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित पद्मश्री फूलवासनबाई यादव, पद्मश्री अजय कुमार मांडावी समेत अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

वामन टिकरिया को यह सम्मान जिला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. मन्नुलाल चेलक ने प्रदान किया। वामन टिकरिया लंबे समय से उद्यानिकी फसलों, जैविक खेती, पशुपालन एवं मत्स्यपालन के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

युवा पढ़ाई के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान को भी अपने जीवन में उतारें

हरिभूमि न्यजू ⏭ भाटापारा

ग्राम राजपुर में एक महीने से अनवरत चल रहे रामायण महाआरती के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। ग्रामीणों द्वारा अतिथि का स्वागत किया गया। समारोह में विधायक इन्द्र साव ने वर्तमान सामाजिक परिवेश और युवा पीढ़ी को लेकर एक महत्वपूर्ण चिंता साझा की।

उन्होंने कहा, वर्तमान समय में यह देखने को मिल रहा है कि केवल गांव के बुजुर्ग और वरिष्ठ जन ही रामायण व अन्य धार्मिक कथाओं में रुचि दिखा रहे हैं। हमारी युवा पीढ़ी इन आध्यात्मिक और सांस्कृतिक



कथाओं से दूर होती जा रही है, जो कि चिंता का विषय है। विधायक साव ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा और करियर की दौड़ में दौड़ना बेहद जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही युवाओं को अध्यात्म से भी जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं युवा पीढ़ी से यही कहना चाहूँगा कि वे पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान को भी अपने जीवन में उतारें। अध्यात्म से मन को असीम शांति की अनुभूति होती है। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने आयोजन समिति के सदस्यों और समस्त ग्रामवासियों को एक महीने तक अध्यात्म की रसधारा बहाने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

इंदिरा गांधी कृषि विवि के प्रबंध मंडल सदस्य चंद्रा ने किया भ्रमण

कृषि विज्ञान केंद्र में धान, उड़द और सोयाबीन की खेती बनी आकर्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रबंध मंडल सदस्य जानकी सत्यनारायण चंद्रा ने कृषि विज्ञान केंद्र, भाटापारा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित विभिन्न प्रदर्शन, प्रक्षेत्र परीक्षण, फसल उत्पादन, बीज उत्पादन एवं कृषि आधारित गतिविधियों का अवलोकन किया तथा किसानों के लिए किए जा रहे तकनीकी प्रसार एवं नवाचार संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। श्रीमती चंद्रा ने धान, उड़द एवं सोयाबीन की फसलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से उड़द फसल में प्राकृतिक कृषि आधारित प्रक्षेत्र परीक्षण का निरीक्षण किया। केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा प्राकृतिक कृषि के सिद्धांतों के अनुरूप फसल उत्पादन में अपनाई जा रही विभिन्न तकनीकों एवं इनपुट प्रबंधन की जानकारी उन्हें दी गई। प्रक्षेत्र परीक्षण के अंतर्गत प्राकृतिक कृषि पद्धति में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जैविक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कृषि लागत को कम करने की संभावनाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। श्रीमती चंद्रा ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों के बीच नवीन एवं



प्राकृतिक कृषि तकनीकों के प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीज एवं रोपण सामग्री के उत्पादन, कृषि विविधीकरण, मूल्य संवर्धन तथा कृषि आधारित आजीविका के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकगण, तकनीकी अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

चंद्रा ने प्राकृतिक कृषि आधारित इस प्रक्षेत्र परीक्षण में उड़द फसल की फसल वृद्धि, पौधों की स्थिति, कीट-रोग प्रबंधन, मृदा की स्थिति तथा उत्पादन संभावनाओं का अवलोकन किया। उन्होंने प्राकृतिक कृषि तकनीकों के व्यावहारिक प्रदर्शन एवं किसानों के बीच इसके वैज्ञानिक पक्ष को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने बताया कि ऐसे प्रक्षेत्र परीक्षणों का उद्देश्य प्राकृतिक कृषि आधारित तकनीकों का स्थानीय परिस्थितियों में परीक्षण, उनके प्रभावों का आकलन तथा किसानों के लिए व्यवहार्य तकनीकी विकल्प विकसित करना है। भ्रमण के दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित हल्दी, जिमीकंद एवं अरबी के बीज उत्पादन कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तायुक्त रोपण सामग्री के उत्पादन, संरक्षण एवं किसानों तक उन्नत बीज एवं रोपण सामग्री पहुंचाने की प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र की गाय पालन एवं दुग्ध उत्पादन इकाई का भी भ्रमण किया। यहां पशुपालन से संबंधित गतिविधियों, दुग्ध उत्पादन, पशु प्रबंधन तथा कृषि के साथ पशुपालन को जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने की संभावनाओं के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने केंद्र की नर्सरी इकाई का अवलोकन किया तथा विभिन्न पौध एवं रोपण सामग्री के उत्पादन एवं संरक्षण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।भ्रमण के दौरान चंद्रा ने कृषि विज्ञान केंद्र के प्रदर्शनी कक्ष का भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी कक्ष में प्रदर्शित विभिन्न कृषि तकनीकों, कृषि आधारित उत्पादों एवं केंद्र की गतिविधियों को उन्होंने रुचिपूर्वक देखा।

जानकारी दी

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अंगद सिंह राजपूत ने श्रीमती चंद्रा को केंद्र में संचालित विभिन्न प्रदर्शन एवं उत्पादन इकाइयों, प्रक्षेत्र परीक्षणों, बीज उत्पादन कार्यक्रम, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन, नर्सरी तथा कृषक उत्पादक संगठनों से संबंधित गतिविधियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

